**Adoption of CCS Raits?, 1993 by] KVS**

641. SHRI MISA R. GANESAN : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that CCS (Recognition of Service Association) Rules, 1993 promulgated by the Union Government in November, 1993 have not yet been adopted by Kendriya Vidyalaya Sangathan;

(b) if so, reasons' for the delay ;

(c) whether adoption of Rules hag been included in the agenda of the forthcoming meeting of Kendriya Yiaayalaya Sangathan Board of Governors; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) and (b) The CCS (Recognition of Service Association) Rules, 1993 are yet to be adopted by Kendriya Vidyalaya Sangathan with the approval of its Board of Governors.

(c) and (d) The 58th meeting of the Board of Governors of Kendriya Vidyalaya Sangathan is yet to be fixed.

**जामा मस्जिद से आमदनी और उसका रख-रखाव**

642. प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली की जामा मस्जिद एक संरक्षित स्मारक है;

(ख) सरकार ने पिछले पांच वर्षों में इसकी मरम्मत और रख-रखाव पर कितना धन खर्च किया है;

(ग) पिछले पांच वर्षों में पर्यटकों को प्रवेश टिकटों की बिक्री से कितनी धनराशि एकत्र हुई है ;

(घ) इस प्रकार से एकत्रित धन राशि सरकार को प्राप्त हुई अथवा किसी व्यक्ति विशेष को ; और

(ङ) यदि यह राशि किसी व्यक्ति विशेष द्वारा प्राप्त की गई है तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी सैलजा) : (क) जी, नहीं।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान जामा मस्जिद की मुख्य मरम्मतों पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है:—

| | रुपये |
|---|---|
| 1989-90 | 32,118.00 |
| 1990-91 | 4,57,605.00 |
| 1991-92 | 14,64,924.00 |
| 1992-93 | 20,30,550.00 |
| 1993-94 | 20,16,092.00 |

(ग) जामा मस्जिद का प्रबंध और रखरखाव सुन्नी मजलिस वक्फ द्वारा किया जाता है, इसलिये सरकार को इस स्मारक में प्रवेश-शुल्क के रूप में एकत्र की गई धनराशि की जानकारी नहीं है।

(घ) एकत्रित धनराशि वक्फ के पास जाती है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।